Q.33 एक रेलगाड़ी, एक किलोमीटर लंबे पूल को एक मिनट में पार करती है और एक 750 m लंबी सुरंग को 50 सेकंड में पार करती है। मान लीजिए कि रेलगाड़ी एकसमान चाल से चल रही है, तो इसकी चाल ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 72 km/h

✔ B. 90 km/h

✗ C. 108 km/h

✗ D. 81 km/h

Q.34 आठ व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के परितः एक दूसरे से समान दूरी पर मेज के केंद्र की ओर पीठ करके बैठे हैं। इशिन, अंशु के दाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। अमीना, ध्रुव के ठीक बगल में नहीं बैठी है। हरमीत और फिजा के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। ध्रुव, वरुण के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। मोहित और हरमीत के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। फिजा, अंशू के बाईं ओर ठीक बगल में बैठी है। इशिन और वरुण के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। हरमीत के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा/बैठी है?

Ans

✗ A. ध्रुव

✔ B. अमीना

✗ C. इशिन

✗ D. वरुण

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.35 ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर करते हुए, किरण किशोर को ₹40,000 की धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज पर 2 वर्ष के लिए उधार देता है। ब्याज की दर 20% है। 2 वर्ष बाद किरण को कितना चक्रवृद्धि ब्याज प्राप्त होगा?

Ans

✗ A. ₹16,780

✗ B. ₹12,350

✗ C. ₹14,560

✓ D. ₹17,600

Q.36 सोलह महाजनपदों के संदर्भ में, निम्न में से कौन सा राजधानी शहर नहीं था?

Ans

✓ A. अवंती

✗ B. कौशाम्बी

✗ C. उज्जैन

✗ D. श्रावस्ती

Q.37 ह्रासमान अनुमापी प्रतिफल (Decreasing returns to scale) कब लागू होता है?

Ans

✗ A.
जब सभी आगतों/इनपुटों (श्रम/पूंजी) में कमी के कारण आउटपुट/उत्पादन में समानुपाती वृद्धि से अधिक वृद्धि होती है

✓ B.
सभी आगतों/इनपुटों (श्रम/पूंजी) में वृद्धि के कारण आउटपुट/उत्पादन में समानुपाती वृद्धि से कम वृद्धि होती है

✗ C.
सभी आगतों/इनपुटों (श्रम/पूंजी) में कमी के कारण आउटपुट/उत्पादन में समानुपाती वृद्धि से कम वृद्धि होती है

✗ D.
सभी आगतों/इनपुटों (श्रम/पूंजी) में वृद्धि के कारण आउटपुट/उत्पादन में समानुपाती वृद्धि से अधिक वृद्धि होती है

Q.38 A और B एक साथ मिलकर किसी कार्य को 36 दिन में पूरा कर सकते हैं, जबकि B और C एक साथ मिलकर उसी कार्य को 20 दिन में पूरा कर सकते हैं। C की कार्य क्षमता, A की कार्य क्षमता की तीन गुनी है। B अकेले मूल कार्य के दो-तिहाई भाग को _____ में पूरा कर सकता है।

Ans

✗ A. 30 दिन

✗ B. 45 दिन

✓ C. 40 दिन

✗ D. 36 दिन

Q.39 BBC स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ़ द ईयर पुरस्कार, 2021 प्राप्त करने वाली एम्मा राडुकानू (Emma Raducanu) निम्न में से कौन सा खेल खेलती हैं?

Ans

✗ A. डाइविंग

✗ B. तैराकी

✓ C. टेनिस

✗ D. बैडमिंटन

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.40 किसी परिवार की मासिक आय ₹45,000 है। मासिक आय में से 20% भोजन पर खर्च होता है, 20% घर के किराए पर खर्च होता है, 5% खरीदारी पर खर्च होता है, 10% व्यक्तिगत जरूरतों पर खर्च होता है, और शेष धनराशि की बचत होती है। यदि वे अपनी मासिक बचत का 12% भाग गरीबों को दान करने का निर्णय लेते हैं, तो वे गरीबों को कितनी धनराशि का दान करते हैं?

Ans

✔ A. ₹2430

✘ B. ₹3500

✘ C. ₹2750

✘ D. ₹3230

Q.41 नमिता गोखले को किस उपन्यास के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया था?

Ans

✘ A. ट्रेवलिंग इन, ट्रेवलिंग आउट (Travelling In, Travelling Out)

✔ B. थिंग्स टू लीव बिहाइंड (Things to Leave Behind)

✘ C. गॉड्स, ग्रेव्स एंड ग्रैंडमदर (Gods, Graves and Grandmother)

✘ D. अ हिमालयन लव स्टोरी (A Himalayan Love Story)

Q.42 विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum) का मुख्यालय निम्न में से किस शहर में स्थित है?

Ans

✘ A. वाशिंगटन डी.सी., संयुक्त राज्य अमेरिका

✘ B. लंदन, यूनाइटेड किंगडम

✘ C. पेरिस, फ्रांस

✔ D. जिनेवा, स्विट्जरलैंड

Q.43 उस बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए, जिसकी आधार त्रिज्या 12.5 cm है और जिसकी ऊंचाई, आधार त्रिज्या के $\frac{4}{5}$ के बराबर है।

Ans

✔ A. $1562.5\ \pi\ cm^3$

✘ B. $1652.5\ \pi\ cm^3$

✘ C. $2441.4\ \pi\ cm^3$

✘ D. $1250\ \pi\ cm^3$

Q.44 निम्न में से कौन ओडिसी नर्तक नहीं है?

Ans

✘ A. कुमकुम मोहंती

✘ B. चित्रा कृष्णमूर्ति

✔ C. दर्शना झावेरी

✘ D. शगुन भूटानी

Q.45 U19 क्रिकेट विश्व कप, 2022 के फाइनल में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार किसने जीता था?

Ans

✔ A. राज अंगद बावा

✘ B. यश ढुल

✘ C. शेख रशीद

✘ D. दिनेश बाना

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.46 भारतीय संसद में संसदीय कार्यवाहियों से जुड़ी गतिविधियों को देखने के लिए डिजिटल संसद ऐप कब लॉन्च किया गया था?

Ans

✗ A. जनवरी 2021

✓ B. जनवरी 2022

✗ C. अक्टूबर 2021

✗ D. जुलाई 2021

Q.47 यदि '+' का अर्थ 'भाग' है, '÷' का अर्थ 'घटाना' है, '−' का अर्थ 'गुणा' है, और '×' का अर्थ 'जोड़ना' है, तो निम्नलिखित समीकरण में X का मान कितना है?

$200 + 10 - 25 \times 60 \div 20 = X$

Ans

✗ A. 500

✗ B. 520

✓ C. 540

✗ D. 560

Q.48 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर, एक निश्चित धनराशि 2 वर्ष में ₹16,500 हो जाती है। धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. ₹15,000

✗ B. ₹15,500

✗ C. ₹14,500

✗ D. ₹14,000

Q.49 निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन या तो स्वतंत्र कारण हो सकते हैं, या स्वतंत्र कारणों या किसी एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर विकल्प, इन दोनों कथनों के बीच के संबंध को सही ढंग से दर्शाता है?

कथन:

I) पिछले महीने मंदी के कारण, सॉफ्टवेयर पेशेवर - साकेत की नौकरी चली गई।

II) बाजार में उनके उत्पादों की मांग में गिरावट की वजह से, सेल्सपर्सन अयांश को केवल आधा वेतन प्राप्त हुआ।

Ans

✗ A. कथन I और II, दोनों स्वतंत्र कारण हैं।

✗ B. कथन I कारण है, और कथन II इसका प्रभाव है।

✓ C. कथन I और II दोनों एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हैं।

✗ D. कथन II कारण है, और कथन I इसका प्रभाव है।

Q.50 5 मित्रों, J, K, L, M और N के एक समूह में, सभी ने अलग - अलग अंक प्राप्त किए। J ने L और N की तुलना में अधिक अंक प्राप्त किए, लेकिन K और M की तुलना में कम अंक प्राप्त किए। K ने M की तुलना में अधिक अंक प्राप्त किए। L ने सबसे कम अंक प्राप्त नहीं किए। इनमें से किसने सबसे कम अंक प्राप्त किए?

Ans

✓ A. N

✗ B. J

✗ C. K

✗ D. M

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.51 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन करें, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर श्रेणी को जारी रख सकती है।

17, 31, 55, 93, 149, ?

Ans

✔ A. 227

✘ B. 219

✘ C. 247

✘ D. 223

Q.52 आइबेरियाई प्रायद्वीप (Iberian Peninsula) निम्न में से किस महाद्वीप में स्थित है?

Ans

✔ A. यूरोप

✘ B. दक्षिणी अमेरिका

✘ C. उत्तरी अमेरिका

✘ D. एशिया

Q.53 निम्न संख्याओं के व्युत्क्रमों के योगफल का व्युत्क्रम ज्ञात कीजिए।

$\frac{1}{4}, \frac{4}{3}, \frac{5}{7}, \frac{5}{4}, \frac{8}{5}$

Ans

✔ A. $\frac{40}{303}$

✘ B. $\frac{607}{120}$

✘ C. $\frac{22}{23}$

✘ D. $\frac{23}{22}$

Q.54 निम्न में से कौन सा देश 2021 के वैश्विक भूख सूचकांक में अंतिम स्थान पर है?

Ans

✔ A. सोमालिया

✘ B. मिस्र

✘ C. भारत

✘ D. माली

Q.55 जातीय-भाषाई समुदाय - बोडो (Boro), निम्न में से किस भारतीय राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का मूल निवासी है?

Ans

✔ A. असम

✘ B. गुजरात

✘ C. अंडमान और निकोबार

✘ D. मध्य प्रदेश

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.56 नवंबर 2021 में किस अनुसंधान संस्थान ने स्टीमबोट नामक नई लोकप्रिय ऑनलाइन टॉक सीरीज शुरू की थी, जो कला को STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) के साथ एकीकृत करती है?

Ans

✗ A. आई.आई.एससी., बेंगलुरु

✓ B. एच.बी.सी.एस.ई., टी.आई.एफ.आर. मुंबई

✗ C. आई.आई.टी. (IIT), नई दिल्ली

✗ D. आई.आई.टी. (IIT), मुंबई

Q.57 1944-45 में प्रकाशित बॉम्बे योजना का औपचारिक नाम क्या था?

Ans

✗ A. भारत के अवसरंचना विकास की योजना

✓ B. भारत के आर्थिक विकास की योजना

✗ C. भारत के औद्योगिक विकास की योजना

✗ D. भारत के सामरिक विकास की योजना

Q.58 ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर करने पर, चक्रवृद्धि ब्याज पर उधार दी गई ₹400 की धनराशि 2 वर्ष में बढ़कर ₹484 हो जाती है। वार्षिक ब्याज की दर ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 11%

✓ B. 10%

✗ C. 16%

✗ D. 12%

Q.59 यदि 13 जून 2005 को शुक्रवार था, तो 5 जुलाई 2005 को सप्ताह का कौन सा दिन था?

Ans

✗ A. रविवार

✓ B. शनिवार

✗ C. गुरुवार

✗ D. मंगलवार

Q.60 संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची, भारतीय संविधान की किस 'अनुसूची' में शामिल हैं?

Ans

✗ A. दसवीं अनुसूची

✗ B. आठवीं अनुसूची

✓ C. सातवीं अनुसूची

✗ D. बारहवीं अनुसूची

Q.61 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) 8 है और इन दोनों संख्याओं का गुणनफल 6400 है। ऐसे कितने संख्या युग्म संभव हैं, जो उपरोक्त शर्तों को पूरा करते हैं?

Ans

✓ A. 2

✗ B. 6

✗ C. 3

✗ D. 5

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.62 दिए गए संख्या-युग्मों में से प्रत्येक में, दूसरी संख्या, पहली संख्या पर कुछ निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके प्राप्त की जाती है। निम्नलिखित चार संख्या-युग्मों में से तीन एक समान पैटर्न का पालन करते हैं, और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। उस संख्या-युग्म का चयन करें, जो उस समूह से संबंधित नहीं है।

Ans
- ✔ A. 19 : 363
- ✘ B. 14 : 197
- ✘ C. 13 : 170
- ✘ D. 17 : 290

Q.63 उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है, और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

HUDK : KWGM :: RBNF : UDQH :: LPQV : ?

Ans
- ✘ A. OSTY
- ✔ B. ORTX
- ✘ C. NRSX
- ✘ D. NSSY

Q.64 भारत सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार, अप्रैल-नवंबर 2021 के दौरान भारत में हुए कुल आयात में से किस देश का योगदान सर्वाधिक है?

Ans
- ✘ A. जर्मनी
- ✘ B. अमेरिका
- ✘ C. सिंगापुर
- ✔ D. चीन

Q.65 संयुक्त राष्ट्र मानव अधिवासन कार्यक्रम (UN Human Settlements Programme) के अनुसार, वर्ष 2018 में निम्न में से किस देश में मलिन बस्तियों (slums) में निवास करने वाली आबादी सर्वाधिक थी?

Ans
- ✘ A. भारत
- ✘ B. कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य
- ✘ C. दक्षिण सूडान
- ✔ D. मध्य अफ़्रीकी गणराज्य

Q.66 अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।

_ h _ _ c d _ p _ c _ h _ k _ d h _ k _

Ans
- ✘ A. phcdkpchdk
- ✔ B. dpkhkdpcpc
- ✘ C. dphkchdpck
- ✘ D. phdkpchkpc

Q.67 निम्न में से कौन सी झील केरल राज्य में स्थित नहीं है?

Ans
- ✘ A. अष्टमुडी झील
- ✘ B. सस्थमकोट्टा झील
- ✘ C. वेम्बनाड झील (Vembanad Lake)
- ✔ D. रेणुका झील (Renuka Lake)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.68 डेंगू _____ के कारण होता है।

Ans

✗ A. सूत्रकृमि

✓ B. विषाणु

✗ C. कवक

✗ D. जीवाणु

Q.69 ISDN (आईएसडीएन) एक डिजिटल टेलीफोन सेवा है, जो किसी मौजूदा सिंगल टेलीफोन लाइन पर वॉइस, डेटा का संचार कर सकती है, और सूचना का नियंत्रण कर सकती है। ISDN (आईएसडीएन) का पूर्ण रूप क्या है?

Ans

✗ A. Integrated Server Digital Network (इंटीग्रेटेड सर्वर डिजिटल नेटवर्क)

✓ B. Integrated Services Digital Network (इंटीग्रेटेड सर्विसेस डिजिटल नेटवर्क)

✗ C. Interpreted Services Digital Network (इन्टरप्रेटेड सर्विसेस डिजिटल नेटवर्क)

✗ D. Integrated Services Diversified Network (इंटीग्रेटेड सर्विसेस डाइवर्सिफाइड नेटवर्क)

Q.70 निम्न में से कौन मुख्य रूप से मद्रास के होम रूल लीग की स्थापना से संबंधित थे?

Ans

✗ A. मातंगिनी हाजरा

✓ B. एनी बेसेंट

✗ C. मैडम भीकाजी कामा

✗ D. सरोजिनी नायडू

Q.71 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षरांकिक-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

F6, H12, J18, L24, ?

Ans

✗ A. N12

✗ B. M12

✗ C. M30

✓ D. N30

Q.72 एक निश्चित कूट भाषा में, अक्षरों को उनके वर्णमाला क्रम (जैसे - A को 1 और Z को 26) के अनुसार कूटबद्ध किया जाता है। हालांकि, यदि कोई अक्षर, किसी शब्द में दो बार आता है, तो दूसरी बार आने पर, इसे वर्णमाला के उल्टे क्रम में इसकी स्थिति के अनुसार कूटबद्ध किया जाता है। इसके अलावा, यदि कोई स्वर, दो व्यंजनों के बीच आता है, तो इसे इसकी संगत क्रम संख्या के दोगुने के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।

निम्नलिखित में से कौन सा GLASS के लिए सही कूट है?

Ans

✓ A. 7122198

✗ B. 7122189

✗ C. 7121198

✗ D. 71221991

Q.73 भारत के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए मूंगफली के कुल उत्पादन में निम्न में से किस राज्य का योगदान सर्वाधिक था?

Ans

✓ A. गुजरात

✗ B. झारखण्ड

✗ C. राजस्थान

✗ D. पंजाब

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.74 दिसंबर 2021 में, वेंकैया नायडू द्वारा विमोचित की गई 'द मिडवे बैटल: मोदी'ज रोलर-कोस्टर सेकेंड टर्म' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

Ans
- ✗ A. अरविन्द अडिग
- ✓ B. गौतम चिंतामणि
- ✗ C. शेखर बंदोपाध्याय
- ✗ D. जीत थाइल

Q.75 एक रेलगाड़ी, विपरीत दिशा में जा रहे किसी व्यक्ति को 12 सेकंड में पार करती है और उस व्यक्ति की चाल 10 km/ h है। यदि रेलगाड़ी की चाल 62 km /h है, तो रेलगाड़ी की लंबाई (m में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 200
- ✗ B. 250
- ✗ C. 220
- ✓ D. 240

Q.76 जून 2021 में, भारत और _____ ने जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन आदि के क्षेत्र में सहयोग विकसित करने, और द्विपक्षीय सहयोग के नए रास्ते खोलने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

Ans
- ✗ A. बांग्लादेश
- ✗ B. श्रीलंका
- ✓ C. भूटान
- ✗ D. नेपाल

Q.77 एक वृत्त की दो जीवाएं AB और CD वृत्त के अंदर स्थित बिंदु F पर प्रतिच्छेदित करती हैं। यदि AF = 4 cm, BF = 6 cm और CF = 3 cm है, तो CD की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 8 cm
- ✗ B. 12 cm
- ✓ C. 11 cm
- ✗ D. 16 cm

Q.78 यदि $\left[2\frac{7}{8} - \left\{3 - \left(1\frac{1}{4} - \frac{5}{8}\right)\right\}\right] + P \times \frac{1}{8} = 0$ है, तो P का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. −2
- ✗ B. 4
- ✗ C. 2
- ✓ D. −4

Q.79 वांगला उत्सव मुख्य रूप से _____ में मनाया जाता है।

Ans
- ✓ A. मेघालय
- ✗ B. लद्दाख
- ✗ C. हिमाचल प्रदेश
- ✗ D. उत्तराखंड

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.80 निम्न में से कौन सा देश साढ़े चार दिन का कार्य-सप्ताह अपनाने वाला दुनिया का पहला देश बना?

Ans

✗ A. यू.के.

✗ B. चीन

✗ C. फ्रांस

✓ D. यू.ए.ई.

Q.81 एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन - 1 और 2 दिए गए हैं। तय करें कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त/आवश्यक हैं।

प्रश्न:

किसी दिए गए महीने की 17 तारीख को कौन सा दिन है?

कथन:

1. महीने का आखिरी दिन सोमवार है।

2. महीने का दूसरा शनिवार 12 तारीख को है।

Ans

✗ A. न तो 1 और न ही 2 पर्याप्त है।

✗ B. 1 और 2 दोनों आवश्यक हैं।

✓ C. 2 अकेले पर्याप्त है, जबकि 1 अकेले पर्याप्त नहीं है।

✗ D. 1 अकेले पर्याप्त है, जबकि 2 अकेले पर्याप्त नहीं है।

Q.82 एक आयत का क्षेत्रफल $2430\,cm^2$ है और इसकी चौड़ाई, इसकी लंबाई से 9 cm कम है। आयत का परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 192 cm

✗ B. 180 cm

✗ C. 216 cm

✓ D. 198 cm

Q.83 दिए गए समीकरण को सही करने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए?

69 × 3 - 4 ÷ 5 + 6 = 9

Ans

✗ A. + और −

✗ B. ÷ और +

✓ C. × और ÷

✗ D. × और +

Q.84 भारत की लगभग _____ km की थल-सीमा पड़ोसी देशों से जुड़ी हुई है।

Ans

✗ A. 7516

✓ B. 15106

✗ C. 20233

✗ D. 5055

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.85 पांच मित्र, पुनीत, जतिन, गौतम, अर्शिल और टीना, को पांच विषयों - गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, कंप्यूटर और हिंदी में से अलग - अलग विषय पसंद हैं, लेकिन उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। प्रत्येक मित्र को क्रिकेट, हॉकी, बैडमिंटन, फुटबॉल और बास्केटबॉल में से कोई एक खेल भी पसंद है, साथ ही उनमें से किन्हीं दो का पसंदीदा खेल समान नहीं है।

टीना को विज्ञान पसंद है, लेकिन उसे हॉकी पसंद नहीं है। जिसे हिंदी पसंद है, उसे बास्केटबॉल भी पसंद है। अर्शिल को बैडमिंटन पसंद है, लेकिन उसे कंप्यूटर या अंग्रेज़ी पसंद नहीं है। गौतम को हॉकी पसंद है, लेकिन उसे अंग्रेज़ी या गणित पसंद नहीं है। टीना को फुटबॉल पसंद है। पुनीत को क्रिकेट पसंद है। इनमें से किसे हिंदी पसंद है?

Ans

✔ A. जतिन

✘ B. पुनीत

✘ C. अर्शिल

✘ D. गौतम

Q.86 तराना गायक, पंडित रतन मोहन शर्मा _____ घराने से संबंधित हैं।

Ans

✘ A. आगरा

✔ B. मेवाती

✘ C. इंदौर

✘ D. दिल्ली

Q.87 राहुल अपने घर से पार्क जाने के लिए चलना शुरू करता है। वह पूर्व की ओर 50 मीटर चलता है, फिर दक्षिण की ओर मुड़ता है, और 10 मीटर चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, और 40 मीटर चलता है। अंत में, वह दाएं मुड़ता है, और 20 मीटर चलकर पार्क पहुंच जाता है। उसका घर पार्क से किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ हैं)

Ans

✘ A. उत्तर-पश्चिम

✔ B. दक्षिण-पश्चिम

✘ C. दक्षिण-पूर्व

✘ D. उत्तर-पूर्व

Q.88 एक मैदान की आकृति समचतुर्भुजाकार है, जिसका परिमाप 292 m है और इसके एक विकर्ण की लंबाई 96 m है। मैदान का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. $5040\ m^2$

✘ B. $4800\ m^2$

✘ C. $7008\ m^2$

✔ D. $5280\ m^2$

Q.89 राष्ट्रपति साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा में उत्कृष्टता के आधार पर _____ सदस्यों को राज्यसभा सदस्यता के लिए मनोनीत (nominate) करते हैं और शेष सदस्य निर्वाचित होते हैं।

Ans

✘ A. 11

✘ B. 10

✔ C. 12

✘ D. 13

blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.90 आईसीसी टी20 विश्व कप 2021 के दौरान, टी20 क्रिकेट में 400 विकेट लेने वाले सबसे कम उम्र के गेंदबाज कौन बने हैं?

Ans

✗ A. शाकिब अल हसन

✗ B. ड्वेन ब्रावो

✗ C. मार्टिन गुप्टिल

✓ D. राशिद खान

Q.91 मनु, ₹5,500 में एक पुरानी बाइक खरीदता है, वह इस धनराशि का 12% इसकी मरम्मत पर खर्च करता है और बाद में इसे 5% की कुल हानि पर बेच देता है। मनु ने बाइक किस मूल्य पर बेची?

Ans

✗ A. ₹5,832

✗ B. ₹5,882

✗ C. ₹5,872

✓ D. ₹5,852

Q.92 _____ एक अंधे कवि थे, जिन्होंने अपने 'सूरसागर' नामक संग्रह में कृष्ण की महिमा का गायन किया था।

Ans

✓ A. सूरदास

✗ B. चैतन्य

✗ C. विद्यापति

✗ D. वीरदास

Q.93 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षरांकिक-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

3Y7, 8X9, 15W11, 24V13, 35U15, ?

Ans

✓ A. 48T17

✗ B. 44S16

✗ C. 49T19

✗ D. 47S14

Q.94 38 संख्याओं का औसत 51 है। पहली 24 संख्याओं का औसत 45 है और अंतिम 5 संख्याओं का औसत 60 है। शेष संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 59

✓ B. 62

✗ C. 61

✗ D. 60

Q.95 0.3 mm त्रिज्या वाले 3200 m लंबे बेलनाकार तांबे के तार को पिघलाया जाता है और इस पिघली हुई धातु से एक गोला बनाया जाता है (बिना किसी पदार्थ के अपक्षय के)। इस प्रकार निर्मित गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) कितना होगा?

Ans

✗ A. 256π

✗ B. 198π

✓ C. 144π

✗ D. 140π

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.96 भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद राज्य को सभी बच्चों को छह वर्ष की आयु पूरी करने तक प्रारंभिक बाल्यावस्था देख-रेख और शिक्षा प्रदान करने का दायित्व प्रदान करता है?

Ans

✗ A. अनुच्छेद 42

✓ B. अनुच्छेद 45

✗ C. अनुच्छेद 44

✗ D. अनुच्छेद 43

Q.97 एक निश्चित कूट भाषा में, 'क्लब' को 'विद्यालय' लिखा जाता है, 'विद्यालय' को 'खेल का मैदान' लिखा जाता है, 'खेल का मैदान' को 'घर' लिखा जाता है, 'घर' को 'बाजार' लिखा जाता है, और 'बाजार' को 'बस' लिखा जाता है।

विद्यार्थी अध्ययन करने कहां जाते हैं?

Ans

✗ A. बस

✓ B. खेल का मैदान

✗ C. विद्यालय

✗ D. घर

Q.98 अर्थव्यवस्था के प्रमुख सामरिक उद्योगों को नियंत्रित करने वाली सरकार के साथ एक समाजवादी राज्य के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए औद्योगिक नीति संकल्प (IPR) 1956 को अंगीकृत किया गया था। इस संकल्प के अनुसार, उद्योगों को _____ में वर्गीकृत किया गया था।

Ans

✓ A. तीन श्रेणियों

✗ B. दो श्रेणियों

✗ C. चार श्रेणियों

✗ D. पांच श्रेणियों

Q.99 आठ मित्र एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं, कि उनमें से चार इसके कोनों पर, और चार इसकी भुजाओं के मध्य में बैठे हैं। उन सभी का मुख मेज के केंद्र की ओर है। सिंडी, लियो और रोजर दोनों के ठीक बगल में बैठी है। लियो और रोजर दोनों मेज के कोनों पर बैठे हैं। केट और डिल्लन के बीच केवल तीन मित्र बैठे हैं। बेन, लियो के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। सिंडी, डिल्लन के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। लुईस और सिंडी के बीच केवल तीन मित्र बैठे हैं। मायरा, रोजर के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। डिल्लन के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा/बैठी है?

Ans

✗ A. सिंडी

✓ B. रोजर

✗ C. मायरा

✗ D. लुइस

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.100 दी गई बैठक व्यवस्था संबंधी जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

प्रशांत, कमल, ऋषि, सुनीता, तन्वी, विमल, वजीर और योगिता एक वर्गाकार मेज पर इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से चार मेज के चार कोनों पर बैठे हैं, जबकि अन्य चार मेज की चार भुजाओं में से प्रत्येक के मध्य में बैठे हैं। मेज के कोनों पर बैठे चारों व्यक्तियों का मुख मेज के केंद्र की ओर है, जबकि मेज की भुजाओं के मध्य में बैठे चारों व्यक्तियों का मुख मेज के केंद्र के विपरीत दिशा में है। प्रशांत, जिसका मुख मेज के केंद्र की ओर है, विमल के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। तन्वी, जिसका मुख मेज के केंद्र की ओर है, विमल के ठीक बगल में नहीं बैठी है। विमल और वजीर के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। सुनीता कमल के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। कमल का मुख मेज के केंद्र की ओर है। ऋषि, प्रशांत के ठीक बगल में नहीं बैठा है।

कमल से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सत्य है?

Ans

✗ A. कमल, योगिता के ठीक बगल में बैठा है।

✓ B. कमल, विमल के ठीक बगल में बैठा है।

✗ C. कमल, तन्वी और सुनीता दोनों के ठीक बगल में बैठा है।

✗ D. कमल, तन्वी के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है।

Q.101 पांच उम्मीदवार, J, K, L, M और N एक ही पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हुए एचआर प्रबंधक द्वारा साक्षात्कार के लिए इंतजार कर रहे हैं। N, K के बाईं ओर है। L, K और J दोनों के ठीक बगल में बैठा है। यदि J बाईं ओर से चौथे स्थान पर है, तो N दाईं ओर से किस स्थान पर है?

Ans

✗ A. दाईं ओर से चौथे स्थान पर

✓ B. दाईं ओर से पांचवें स्थान पर

✗ C. दाईं ओर से दूसरे स्थान पर

✗ D. दाईं ओर से तीसरे स्थान पर

Q.102 मुद्रा (money) से संबंधित निम्नलिखित वाक्यों में से कौन सा गलत है?

Ans

✗ A.

मुद्रा (money) की मध्यस्थता के बिना किए जाने वाले आर्थिक विनिमयों को वस्तु विनिमय (barter exchange) कहा जाता है

✓ B.

सभी वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य को मौद्रिक इकाइयों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है।

✗ C.

मुद्रा की पहली और सबसे महत्वपूर्ण भूमिका यह होती है कि यह विनिमय के माध्यम के रूप में कार्य करती है।

✗ D. मुद्रा (money), लेखा की सुविधाजनक इकाई के रूप में कार्य करती है।

Q.103 निम्न में से कौन से कथन सत्य हैं?

1. उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
2. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश का पद धारण करने वाले किसी भी व्यक्ति को, भारत के राज्यक्षेत्र के अंतर्गत किसी भी न्यायालय या किसी प्राधिकारी के समक्ष अधिवक्ता के रूप में अभिवचन करने की अनुमति नहीं होती है।
3. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों को, समय-समय पर संसद द्वारा यथानिर्धारित वेतन का भुगतान किया जाता है।

Ans

✗ A. केवल 1

✓ B. 1, 2 और 3

✗ C. केवल 2

✗ D. केवल 3

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.104 रोहिंग्या मुसलमान दिए गए विकल्पों में से किस देश के मूल निवासी हैं?

Ans

✔ A. म्यांमार

✘ B. चीन

✘ C. भूटान

✘ D. नेपाल

Q.105 मालदीव गणराज्य, जिसे मालदीव द्वीप समूह भी कहा जाता है, यह उत्तर-मध्य _____ में स्थित स्वतंत्र द्वीप देश है।

Ans

✘ A. बंगाल की खाड़ी

✘ B. अरब सागर

✔ C. हिंद महासागर

✘ D. दक्षिण चीन सागर

Q.106 एक जार में, दो तरल पदार्थों - A और B को 3 : 4 के अनुपात में मिलाकर बनाया गया मिश्रण है। यदि जार में तरल A की 5 लीटर मात्रा मिलाई जाती है, तो मिश्रण में उनका क्रमशः अनुपात 4 : 5 हो जाता है। जार में निहित तरल B की मात्रा ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. 75 लीटर

✘ B. 90 लीटर

✘ C. 80 लीटर

✔ D. 100 लीटर

Q.107 यदि $3\cos^2\theta + 1 = 4\sin\theta$, $0° < \theta < 90°$ है, तो $\sec^2\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ A. $\frac{5}{4}$

✔ B. $\frac{9}{5}$

✘ C. $\frac{5}{9}$

✘ D. $\frac{4}{5}$

Q.108 आसफ़ुद्दौला द्वारा निर्मित आसफी इमामबाड़ा, _____ में स्थित है।

Ans

✔ A. लखनऊ

✘ B. आगरा

✘ C. दिल्ली

✘ D. बीजापुर

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.109 निम्न को सरल कीजिए।

$\sqrt[4]{1296^3}$

Ans
✗ A. 864
✓ B. 216
✗ C. 512
✗ D. 288

Q.110 जवाहर रोजगार योजना, 1989 में _____ के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

Ans
✗ A. अतिरिक्त आय की तलाश में रत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को प्रशिक्षित कराने
✓ B. जरूरतमंद ग्रामीण मजदूरों के लिए वैतनिक रोजगार उपलब्ध कराने
✗ C. जरूरतमंद ग्रामीण मजदूरों के लिए आवास के अवसर उपलब्ध कराने
✗ D. जरूरतमंद ग्रामीण मजदूरों के लिए विदेशी निवेश उपलब्ध कराने

Q.111 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

(a) कुछ फ़ाइज़ केक हैं।

(b) सभी बर्गर केक हैं।

(c) सभी केक चिप्स हैं।

निष्कर्ष:

I. सभी फ़ाइज़ चिप्स हैं।

II. कुछ चिप्स फ़ाइज़ हैं।

III. सभी बर्गर चिप्स हैं।

Ans
✗ A. केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।
✓ B. केवल निष्कर्ष II और III पालन करते हैं।
✗ C. सभी निष्कर्ष पालन करते हैं।
✗ D. केवल निष्कर्ष I और III पालन करते हैं।

Q.112 दशमलव भिन्न वाले एक भाग में भाजक 22.8 है और भागफल 8.5 है, जबकि शेषफल 0 है। भाज्य कितना है?

Ans
✗ A. 193.6
✗ B. 193.4
✗ C. 193.2
✓ D. 193.8

Q.113 निम्न में से किसका श्रेय कौटिल्य को दिया जाता है?

Ans
✗ A. मुद्राराक्षस
✗ B. इंडिका
✓ C. अर्थशास्त्र
✗ D. रत्नावली

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.114 पांच वर्ष पहले, A, B और C की औसत आयु 17 वर्ष थी। सात वर्ष पहले, A और B की औसत आयु $17\frac{1}{2}$ वर्ष थी। अब से 2 वर्ष बाद C की आयु (वर्ष में) कितनी होगी?

Ans

✗ A. $18\frac{1}{2}$

✗ B. $20\frac{1}{2}$

✓ C. 19

✗ D. 20

Q.115 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243B के अनुसार, मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतों का गठन उस राज्य में नहीं किया जा सकता है, जिसकी आबादी _____ लाख से अधिक नहीं है।

Ans

✗ A. पंद्रह

✓ B. बीस

✗ C. दस

✗ D. पांच

Q.116 यदि बहुलक और माध्यिका का अनुपात 13 : 9 है, तो अनुभवजन्य संबंध (empirical relation) का उपयोग करते हुए माध्य और बहुलक का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 8 : 9

✓ B. 7 : 13

✗ C. 9 : 8

✗ D. 8 : 13

Q.117 _____, एक निष्क्रिय दो-टर्मिनल वाला विद्युत घटक है, जो परिपथ अवयव के रूप में वैद्युत प्रतिरोध आरोपित करता है।

Ans

✗ A. ट्रांजिस्टर (transistor)

✗ B. डायोड (diode)

✗ C. संधारित्र (capacitor)

✓ D. प्रतिरोध (resistor)

Q.118 मोहन चलना शुरु करता है, और वह पहले दक्षिण दिशा में जाता है। फिर वह अपनी बाईं ओर मुड़ता है, और कुछ दूर चलता है। इसके बाद, वह अपनी दाईं ओर मुड़ता है, और कुछ दूर चलता है। अब, यदि वह अपनी बाईं ओर मुड़ता है, और पुनः कुछ दूर चलता है, तो अब मोहन किस दिशा में चल रहा है? (सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ हैं)

Ans

✗ A. दक्षिण

✗ B. उत्तर

✓ C. पूर्व

✗ D. पश्चिम

Q.119 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षरांकिक-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

7B9, 14D18, 21G28, 28K39, ?

Ans

✓ A. 35P51

✗ B. 32P49

✗ C. 35P49

✗ D. 33P51

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.120 कुछ छात्रों के वजन से संबंधित आंकड़े दिए गए हैं। इन सभी छात्रों को मिलाकर माध्य वजन (Kg में) ज्ञात कीजिए।

छात्रों की संख्या	छात्रों का वजन (Kg में)
5	31
7	25
6	20
4	35
3	20

Ans

✗ A. 22

✗ B. 28

✗ C. 23

✓ D. 26

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन ०१/२०१९ - एन टी पी सी - CEN 01/2019 - NTPC

Test Date	17/06/2022
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	NTPC

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.

Section : **NTPC**

Q.1 संविधान (86वां संशोधन) अधिनियम, 2002 द्वारा, _____ को स्वतंत्रता के अधिकार के भाग के रूप में मौलिक अधिकारों की सूची में शामिल किया गया है।

Ans
- ✗ A. शांतिपूर्वक और बिना हथियारों के एकत्र होने का अधिकार
- ✗ B. कोई भी वृत्ति, उपजीविका, व्यापार या कारोबार करना
- ✓ C. शिक्षा का अधिकार
- ✗ D. कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण

Q.2 गुरु शिखर चोटी निम्न में से किस पर्वतमाला की सबसे ऊंची चोटी है?

Ans
- ✓ A. अरावली श्रेणी
- ✗ B. हिमालय पर्वत
- ✗ C. पश्चिमी घाट
- ✗ D. पूर्वी घाट

Q.3 किसी परीक्षा में राकेश ने 92% प्राप्त किए और उसी परीक्षा में किरण ने 96% अंक प्राप्त किए। यदि परीक्षा का पूर्णांक 375 अंक है, तो राकेश और किरण दोनों द्वारा प्राप्त अंकों का योगफल कितना है?

Ans
- ✗ A. 715
- ✓ B. 705
- ✗ C. 700
- ✗ D. 720

Q.4 रवि, शहर A से शहर B तक और शहर B से शहर A तक की यात्रा 4 घंटे में तय करता है। यदि कुल यात्रा के दौरान औसत चाल 68.3 km/h है, तो शहर A और शहर B के बीच की दूरी कितनी है?

Ans
- ✗ A. 197.6 km
- ✓ B. 136.6 km
- ✗ C. 152.7 km
- ✗ D. 273.2 km

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : **Blackbook : English Vocabulary** GET IT ON Google Play

Q.5 नियाग्रा जलप्रपात, इरी झील (Lake Erie) के जल को _____ में बहाता है।

Ans

✔ A. ओंटारियो झील

✘ B. ह्यूरॉन झील

✘ C. मिशिगन झील

✘ D. सुपीरियर झील

Q.6 निम्न में से कौन सा ग्रीक अक्षर तरंगदैर्घ्य को निरूपित करता है?

Ans

✘ A. बीटा

✘ B. अल्फा

✘ C. डेल्टा

✔ D. लैम्डा

Q.7 मोहन वीणा, एक संशोधित हवाईयन गिटार है, जिसे हिंदुस्तानी स्लाइड गिटार भी कहा जाता है, जो _____ द्वारा निर्मित और लोकप्रिय किया गया था।

Ans

✘ A. अनुष्का शंकर

✔ B. विश्व मोहन भट्ट

✘ C. असद अली खान

✘ D. राम नारायण

Q.8 दूसरी पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य _____ पर जोर देना था।

Ans

✘ A. कृषि क्षेत्रक (agricultural sector)

✔ B. औद्योगिक क्षेत्रक (industrial sector)

✘ C. खाद्य आयात (food import)

✘ D. जल दुर्लभता (Water scarcity)

Q.9 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

23, 33, 49, 73, 109, ?

Ans

✘ A. 119

✘ B. 135

✘ C. 123

✔ D. 163

Q.10 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन करें, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर श्रेणी को जारी रख सकती है।

67, 71, 79, 91, 107, ?

Ans

✘ A. 131

✘ B. 123

✔ C. 127

✘ D. 119

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.11 एक निश्चित कूट भाषा में, 'CELL' को '32' लिखा जाता है और 'PHONE' को '58' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'BOLD' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✗ A. 43

✗ B. 32

✗ C. 54

✓ D. 33

Q.12 $5\sqrt{12} + 6\sqrt{27} - 4\sqrt{75} + \sqrt{192}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. $16\sqrt{3}$

✗ B. $20\sqrt{3}$

✗ C. $22\sqrt{3}$

✗ D. $18\sqrt{3}$

Q.13 जम्मू और कश्मीर में, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने निम्न में से किसके लिए 'साथ (Saath)' नामक पहल की शुरुआत की है?

Ans

✓ A. स्वयं सहायता समूह (SHG) महिलाएं

✗ B. निर्माण कार्य में लगे श्रमिक

✗ C. स्तनपान कराने वाली माताएं

✗ D. चिकित्सक (medical practitioner)

Q.14 $\frac{9}{15} \times \frac{45}{81}\left\{\frac{49}{6} \times \left(\frac{16}{7} - 2\right) \times \frac{24}{5} \times \frac{15}{16}\right\}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 6.5

✗ B. 7.5

✓ C. 3.5

✗ D. 4.5

Q.15 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

I. सभी चाबियां ताले हैं।

II. कुछ ताले दरवाजे हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ दरवाजे चाबियां हैं।

II. कुछ दरवाजे ताले हैं।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✗ B. दोनों निष्कर्ष पालन करते हैं।

✓ C. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

✗ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.16 {1, 4, 7, 12, 13, 10, 11, 0, 0, 18, 37, 33, 29, 27, 16, 25, 28, 17, 19}

आंकड़ों के उपरोक्त समुच्चय के माध्य, माध्यिका और बहुलक इसी क्रम में ज्ञात कीजिए, और सभी का मान दो दशमलव स्थान तक ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 16, 16.16, 0

✗ B. 0, 16, 16.16

✗ C. 16, 0, 16.16

✓ D. 16.16, 16, 0

Q.17 ABC एक समद्विबाहु त्रिभुज है, जिसमें AB = AC और $\angle BAC = 50°$ है। भुजा BC को D तक बढ़ाया गया है। $\angle ACD$ का माप ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $130°$

✗ B. $100°$

✓ C. $115°$

✗ D. $110°$

Q.18 $(a-b)(a+2b),(a^2-b^2)(a+2b),(a+b)(a^2-b^2)$ का म.स.प. (HCF) ज्ञात कीजिए, जहां a > b > 0 है।

Ans

✓ A. $a - b$

✗ B. $a + b$

✗ C. $a - 2b$

✗ D. $a + 2b$

Q.19 निम्न में से कौन सा विश्व का दूसरा सबसे बड़ा भाषा-परिवार है?

Ans

✗ A. ऑस्ट्रोनीशियाई

✗ B. नाइजर-कांगो

✓ C. चीनी-तिब्बती

✗ D. हिन्द-यूरोपीय

Q.20 यदि गांव A, गांव B के पश्चिम में स्थित है; गांव C, गांव A के दक्षिण में स्थित है; और गांव D, गांव C के पूर्व में स्थित है; तो गांव D, गांव A के सापेक्ष किस दिशा में स्थित है?

Ans

✗ A. उत्तर-पूर्व

✓ B. दक्षिण-पूर्व

✗ C. पूर्व

✗ D. उत्तर

Q.21 2 फरवरी 2022 को जारी प्रेस सूचना ब्यूरो विज्ञप्ति के अनुसार, मेघालय में निम्न में से किस स्थान को सैफ्रन बाउल (Saffron Bowl) परियोजना के लिए चिह्नित नहीं किया गया है?

Ans

✗ A. बारापानी

✗ B. शिलांग

✓ C. तुरा

✗ D. चेरापूंजी

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.22 माधवी, 9:25 am बजे अपनी यात्रा शुरू करती है और 9:39:24 am तक 24% दूरी तय करती है। यदि वह समान चाल से चलती है तो वह अपने गंतव्य स्थान पर कितने बजे पहुंचेगी?

Ans

✗ A. 10:20 am

✓ B. 10:25 am

✗ C. 10:15 am

✗ D. 10:30 am

Q.23 यदि ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर की जाती है, तो ₹15,000 की धनराशि पर 2% वार्षिक दर से 2 वर्ष बाद देय ब्याज कितना होगा?

Ans

✗ A. ₹604

✓ B. ₹606

✗ C. ₹608

✗ D. ₹600

Q.24 यदि

'S # T' का अर्थ है - 'S, T का पिता है',

'S $ T' का अर्थ है - 'S, T की मां है',

'S @ T' का अर्थ है - 'S, T का पति है',

'S = T' का अर्थ है - 'S, T का पुत्र है',

तो निम्नलिखित व्यंजक के अनुसार E का L से क्या संबंध है?

L $ Q = B # D @ E $ O

Ans

✗ A. सास

✗ B. मां

✓ C. पुत्रवधू

✗ D. पुत्री

Q.25 चार अक्षर-समूह दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी तरह से संगत हैं, और एक असंगत है। असंगत का चयन कीजिए।

Ans

✗ A. SQX

✓ B. JGO

✗ C. DBI

✗ D. HFM

Q.26 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 170 के अनुसार, प्रत्येक राज्य की विधान सभा में _____ से अनधिक, और _____ से अन्यून सदस्य होंगे, जो राज्य में प्रादेशिक निर्वाचन-क्षेत्रों से प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा चयनित होंगे।

Ans

✗ A. 450, 80

✗ B. 400, 70

✓ C. 500, 60

✗ D. 550, 75

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.27 किसी आयताकार भूखंड की लंबाई उसकी चौड़ाई से दोगुनी है और इसके विकर्ण की लंबाई $6\sqrt{5}m$ है। भूखंड का परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ A. 36 m

✘ B. 48 m

✘ C. 54 m

✘ D. 28 m

Q.28 हरिजनों के लिए पृथक निर्वाचक मंडल की व्यवस्था को _____ के तहत उनके लिए सीटों के आरक्षण से बदल दिया गया था।

Ans

✘ A. लखनऊ समझौता

✘ B. गांधी-इरविन समझौता

✔ C. पूना समझौता

✘ D. क्रिप्स मिशन प्रस्ताव

Q.29 80 विद्यार्थियों वाली कक्षा में, कक्षा का $\frac{1}{10}$ भाग चॉकलेट D को पसंद करता है, और कक्षा का $\frac{1}{20}$ भाग चॉकलेट E को पसंद करता है। चॉकलेट D को पसंद करने वाले छात्रों की संख्या और चॉकलेट E को पसंद करने वाले छात्रों की संख्या का अंतर कितना है?

Ans

✔ A. 4

✘ B. 2

✘ C. 9

✘ D. 5

Q.30 A किसी कार्य को 45 दिन में पूरा कर सकता है। B, A की तुलना में 50% अधिक कार्यकुशल है और C, A की तुलना में 3 गुना तेजी से कार्य करता है। उन्होंने एक साथ कार्य करना शुरु किया, लेकिन कार्य पूरा होने से 7 दिन पहले C कार्य छोड़ देता है। संपूर्ण कार्य कितने दिन में पूरा हुआ?

Ans

✘ A. 10 दिन

✘ B. 15 दिन

✘ C. 18 दिन

✔ D. 12 दिन

Q.31 भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, दमन और दीव का लिंगानुपात कितना था?

Ans

✔ A. प्रति 1000 पुरुषों पर 618 महिलाएं

✘ B. प्रति 1000 पुरुषों पर 748 महिलाएं

✘ C. प्रति 1000 पुरुषों पर 723 महिलाएं

✘ D. प्रति 1000 पुरुषों पर 696 महिलाएं

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

GET IT ON Google Play

Q.32 P, Q, R, S, T और U नामक छह कंपनियां, एक 6 - मंजिला इमारत की विभिन्न मंजिलों पर स्थित हैं, लेकिन उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं हैं। इमारत की सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है। कंपनी Q, मंजिल क्रमांक 1 पर स्थित नहीं है। कंपनी P की मंजिल से नीचे पांच कंपनियां स्थित हैं। कंपनियों T और P की मंजिलों के बीच केवल दो कंपनियां स्थित हैं, और कंपनियों Q और U की मंजिलों के बीच भी केवल दो कंपनियां स्थित हैं। कंपनी S एक विषम क्रमांक वाली मंजिल पर स्थित है, लेकिन सबसे निचली मंजिल पर स्थित नहीं है। कौन सी कंपनी मंजिल क्रमांक 1 पर स्थित है?

Ans

✗ A. P

✗ B. T

✗ C. R

✓ D. U

Q.33 एक व्यक्ति अपना माल 30% लाभ पर बेचता है। यदि क्रय मूल्य में 25% की वृद्धि होती है और विक्रय मूल्य में 10% की वृद्धि होती है, तो उसका नया प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. 13.5%

✓ B. 14.4%

✗ C. 15.6%

✗ D. 16.4%

Q.34 पांच मित्र A, B, C, D और E एक वृत्ताकार व्यवस्था में केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनके बैठने के क्रम को निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति करनी चाहिए:

1. A और C एक - दूसरे के ठीक बगल में बैठे हैं।
2. C, D के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
3. A, D के ठीक बगल में नहीं बैठा है।
4. B, A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

C के सापेक्ष E की स्थिति क्या होगी?

Ans

✗ A. E, C के दाईं ओर ठीक बगल में है।

✗ B. E, C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर है।

✗ C. E, C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है।

✓ D. E, C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है।

Q.35 नीचे दिए गए विकल्पों का प्रयोग करके वाक्य को पूर्ण कीजिए।

_____ के कारण अल्पकालीन सीमांत लागत वक्र 'U'-आकृति का होता है।

Ans

✗ A. स्थिर अनुपात के नियम

✗ B. उत्पादों की अधिक आपूर्ति

✓ C. परिवर्ती अनुपात के नियम

✗ D. समग्र मांग

Q.36 रोहित पश्चिम की ओर चला और दक्षिणावर्त दिशा में 45° मुड़ा। वह पुनः दक्षिणावर्त दिशा में 180° मुड़ा। अंत में, वह वामावर्त दिशा में 270° मुड़ा। अंत में, रोहित के सामने कौन सी दिशा थी?

Ans

✗ A. दक्षिण

✗ B. उत्तर-पश्चिम

✗ C. पश्चिम

✓ D. दक्षिण-पश्चिम

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.37 13 से 18 दिसंबर 2021 के मध्य वर्चुअल रूप से आयोजित यूनेस्को के मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची के 16वें सत्र में किस सांस्कृतिक उत्सव को शामिल किया गया था?

Ans
- ✗ A. गणेश चतुर्थी
- ✓ B. दुर्गा पूजा
- ✗ C. पोंगल
- ✗ D. ओणम

Q.38 दी गई संख्याओं में से कौन सी 45 से विभाज्य है?

Ans
- ✗ A. 12355
- ✗ B. 12345
- ✗ C. 12365
- ✓ D. 12375

Q.39 निम्न में से कौन हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आया था?

Ans
- ✗ A. मार्को पोलो
- ✗ B. इब्न बत्तूता (अबू अब्दुल्ला मुहम्मद इब्न बत्तूता)
- ✓ C. जुआन जांग (ह्वेन सांग)
- ✗ D. फ़ाहियान

Q.40 संसद के किसी भी सदन के सदस्यों की अयोग्यता पर विवाद की स्थिति में _____ का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

Ans
- ✗ A. उपाध्यक्ष
- ✗ B. अध्यक्ष
- ✗ C. चुनाव आयोग
- ✓ D. राष्ट्रपति

Q.41 $\frac{27}{5} \times \frac{15}{81} \div \left\{\frac{14}{77} \times \frac{86}{72} \times \frac{99}{43}\right\}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 4
- ✓ B. 2
- ✗ C. 3
- ✗ D. 5

Q.42 तीन संख्याओं का अनुपात 17 : 25 : 66 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 18 है। उनमें से सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 360
- ✗ B. 378
- ✗ C. 342
- ✓ D. 306

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.43 36 विद्यार्थियों वाली एक कक्षा में, तीन विद्यार्थियों के स्थान रोहित और नीचे से 21वें स्थान पर मौजूद विद्यार्थी के बीच हैं। रोहित का स्थान, नीचे से 21वें स्थान पर मौजूद विद्यार्थी से नीचे है। रोहित का स्थान शीर्ष से कौन सा है?

Ans
- ✗ A. 19वां
- ✗ B. 22वां
- ✓ C. 20वां
- ✗ D. 18वां

Q.44 अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (IRRI) का मुख्यालय किस देश में स्थित है?

Ans
- ✓ A. फिलीपींस
- ✗ B. जापान
- ✗ C. चीन
- ✗ D. मलेशिया

Q.45 ₹x की एक धनराशि को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि उनके हिस्सों का अनुपात 2 : 3 : 5 होता है। यदि B और C के हिस्सों के बीच धनात्मक अंतर ₹5,940 है, तो x का मान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. ₹22,680
- ✓ B. ₹29,700
- ✗ C. ₹25,920
- ✗ D. ₹23,220

Q.46 भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. 18
- ✗ B. 21
- ✓ C. 20
- ✗ D. 19

Q.47 जयंतिया, _____ राज्य में पाई जाने वाली जनजाति के साथ-साथ एक पर्वत श्रेणी का नाम भी है।

Ans
- ✗ A. पश्चिम बंगाल
- ✗ B. कर्नाटक
- ✓ C. मेघालय
- ✗ D. तमिलनाडु

Q.48 1.4 cm त्रिज्या और 24 cm लंबाई वाली एक ठोस धात्विक बेलनाकार छड़ को पिघलाकर 2 mm त्रिज्या वाली एक समान गोलाकार गेंदें बनाई जाती हैं। ऐसी अधिकतम कितनी गेंदें बनाई जा सकती हैं?

Ans
- ✓ A. 4410
- ✗ B. 4450
- ✗ C. 4500
- ✗ D. 4580

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.49 यदि 1 अगस्त 2021 को रविवार था, तो 1 नवंबर 2021 को कौन सा दिन था?

Ans

✗ A. मंगलवार

✗ B. शुक्रवार

✓ C. सोमवार

✗ D. रविवार

Q.50 BWF महिला पैरा बैडमिंटन प्लेयर ऑफ द ईयर 2021 का पुरस्कार किसने जीता था?

Ans

✗ A. हेल सोफी सगोय (Helle Sofie Sagøy)

✗ B. कैरिन सुटर-इराथ (Karin Suter-Erath)

✓ C. लीनी रात्री ओक्टिला (Leani Ratri Oktila)

✗ D. ताइ ज़ू-यिंग (Tai Tzu Ying)

Q.51 किस अंतरिक्ष एजेंसी ने डार्ट (DART) नामक अपनी तरह का पहला मिशन शुरू किया है?

Ans

✗ A. रोस्कोस्मोस (Roscosmos)

✓ B. नासा (NASA)

✗ C. इसरो (ISRO)

✗ D. जाक्सा (JAXA)

Q.52 आठ मित्र, A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। उनमें से चार मेज के चारों कोनों पर बैठे हैं, और उनका मुख केंद्र की ओर है। अन्य चार, चारों भुजाओं में से प्रत्येक के मध्य में बैठे हैं, और उनका मुख केंद्र के विपरीत दिशा में है। E का मुख केंद्र की ओर है, और वह G के ठीक बगल में नहीं बैठा है। A का मुख केंद्र की ओर है, और वह G के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D, B के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। B का मुख केंद्र की ओर है, जबकि C, A के ठीक बगल में नहीं बैठा है। G और H के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है।

इनमें से कौन F के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है?

Ans

✓ A. E

✗ B. G

✗ C. A

✗ D. D

Q.53 16 और एक अन्य संख्या y का गुणनफल 460.8 है। जब y को 16 से विभाजित किया जाता है, तो भागफल कितना होगा?

Ans

✗ A. 2.3

✓ B. 1.8

✗ C. 1.7

✗ D. 2.2

Q.54 निम्न में से किस नेटवर्क टोपोलॉजी में, जुड़े हुए कम्पोनेंट एक संवृत लूप (closed loop) बनाते हैं?

Ans

✗ A. ट्री टोपोलॉजी (Tree topology)

✗ B. स्टार टोपोलॉजी (Star topology)

✓ C. रिंग टोपोलॉजी (Ring topology)

✗ D. बस टोपोलॉजी (Bus topology)

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary

Q.55 छह मित्र पूर्व की ओर मुख करके एक बेंच पर बैठे हैं। फलक, चारु के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। सरगुन और करण के बीच केवल दो मित्र बैठे हैं। चारु बेंच के उत्तरी सिरे पर है। आरव, फलक के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। वैभव और करण एक दूसरे के ठीक बगल में बैठे हैं। इनमें से कौन दक्षिण सिरे से दूसरे स्थान पर बैठा है?

Ans

✗ A. सरगुन

✗ B. फलक

✓ C. करण

✗ D. आरव

Q.56 एक निश्चित कूट भाषा में, 'OBTAIN' को 'NATBOI' लिखा जाता है, और 'BEGGER' को 'RGGEBE' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'RUGGED' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans

✗ A. DGUGRE

✓ B. DGGURE

✗ C. GGURED

✗ D. DGGUER

Q.57 △ABC में, AD त्रिभुज की माध्यिका है, जो BC को D पर प्रतिच्छेदित करती है। त्रिभुज की तीनों माध्यिकाएं बिंदु G पर मिलती हैं। यदि AG = (7y - 3) cm और DG = 3y cm है, तो AD की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ A. 27 cm

✗ B. 24 cm

✗ C. 33 cm

✗ D. 30 cm

Q.58 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

(a) कुछ बॉक्स बैग हैं।

(b) सभी पाउच बैग हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ बैग बॉक्स हैं।

II. कुछ पाउच बॉक्स हैं।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

✗ B. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

✓ C. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

✗ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

Q.59 A और B किसी कार्य को क्रमशः 45 और 40 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ कार्य करना शुरू किया लेकिन कुछ दिनों के बाद A ने कार्य छोड़ दिया और B ने अकेले शेष कार्य को 23 दिन में पूरा किया। A ने कितने दिन बाद कार्य छोड़ा?

Ans

✗ A. 12 दिन

✗ B. 10 दिन

✓ C. 9 दिन

✗ D. 11 दिन

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.60 किसी समकोण त्रिभुज के कर्ण की लंबाई 13 cm है और अन्य दो भुजाओं में से एक भुजा की लंबाई 5 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल (cm^2 में) कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 28
- ✗ B. 29.5
- ✓ C. 30
- ✗ D. 32.5

Q.61 _____, 'A Nation in Making (ए नेशन इन मेकिंग)' नामक पुस्तक के लेखक हैं।

Ans
- ✓ A. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
- ✗ B. जी. के. गोखले
- ✗ C. एम. जी. रानाडे
- ✗ D. वल्लभभाई पटेल

Q.62 सामान्य मनुष्य में कितने जोड़ी अलैंगिक गुणसूत्र (autosomes) होते हैं?

Ans
- ✗ A. 44
- ✗ B. 1
- ✗ C. 23
- ✓ D. 22

Q.63 14.5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर निवेशित की गई कोई धनराशि, 6 वर्ष बाद ₹13,464 हो जाती है। निवेश की गई धनराशि कितनी थी?

Ans
- ✗ A. ₹7,600
- ✗ B. ₹70,800
- ✓ C. ₹7,200
- ✗ D. ₹7,450

Q.64 484.71 + 285.33 − 827.38 + 73.9 = ?

Ans
- ✗ A. 19.78
- ✗ B. 15.78
- ✓ C. 16.56
- ✗ D. 36.54

Q.65 विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, _____ से कम नमक का सेवन उच्च रक्तचाप को रोकने में मदद करता है, और वयस्क आबादी में हृदय रोग और हृदयाघात (stroke) के खतरे को कम करता है।

Ans
- ✗ A. प्रति दिन 10 g
- ✓ B. प्रति दिन 5 g
- ✗ C. प्रति सप्ताह 5 g
- ✗ D. प्रति सप्ताह 10 g

Blackbook

Get India's No 1 Vocab Preparation App for FREE : Blackbook : English Vocabulary
GET IT ON Google Play

Q.66 विश्व बैंक के अनुसार, वर्ष 2020 में निम्न में से कौन सा देश सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला देश था?

Ans

✗ A. सर्बिया

✓ B. मोनाको

✗ C. चीन

✗ D. बांग्लादेश

Q.67 किसी परीक्षा में जैक को 45% अंक प्राप्त हुए और वह 18 अंकों से अनुत्तीर्ण हुआ। यदि वह 65% अंक प्राप्त करता, तो उसे परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए आवश्यक न्यूनतम अंकों से 6 अंक अधिक प्राप्त होते। उस परीक्षा में कोई भी अधिकतम कितने अंक प्राप्त कर सकता था?

Ans

✗ A. 130

✓ B. 120

✗ C. 140

✗ D. 80

Q.68 29.75, 18.25 और संख्या N का औसत 23 है। संख्या N का मान कितना होगा?

Ans

